# Awareness Rally on 'Water Conservation' in Khokhri Village - An Extension Activity

दिनांक 6 नवंबर 2023 को हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के भूगोल विभाग द्वारा 'जल संरक्षण' विषय पर खोखरी गांव में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में लगभग 80 छात्राओं ने भाग लिया। भूगोल विभाग की छात्राओं ने हाथ में जल संरक्षण की तख्तियां लेकर पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने गांव वासियों को जल का महत्व बताते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाकर रखने का संदेश दिया। छात्राओं ने 'जल नहीं तो कल नहीं', 'जल ही जीवन है', 'जनहित में यह सूचना जारी, जल संरक्षण की करो तैयारी', व 'पानी की रक्षा, देश की सुरक्षा' के नारे लगाते हुए गांव वासियों को जागरूक किया। इस जागरूकता रैली में भूगोल विभाग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना, डॉक्टर मुन्नी जागलान व श्रीमती रजनी उपस्थित रही।

दैनिक भास्कर **जींद भास्कर** 07-11-2023

## जल संरक्षण को लेकर छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक

**जींद|** हिंदू कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा जल संरक्षण विषय पर खोखरी गांव में जागरूकता रैली में ८० छात्राओं ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. पूनम मोर ने बताया कि भूगोल विभाग की छात्राओं ने हाथ में जल संरक्षण की तख्तियां लेकर पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने जल नहीं तो कल नहीं, जल ही जीवन है, जनहित में यह सूचना जारी जल संरक्षण की करो तैयारी व पानी की रक्षा देश की सुरक्षा के नारे लगाते हुए गांव वासियों को जागरूक किया।